वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 | अंक : 318 | शनिवार 16 मार्च 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

## अलग दरों की विसंगति दूर होने से सीमावर्ती जिलों को मिलेगा लाभ: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### पेट्रोल, डीजल पर राजस्थान में ''एक राज्य, एक कीमत'' प्रभावी होने को बताया ऐतिहासिक, वैट दरों में कमी से मिलेगी सभी प्रदेशवासियों को राहत



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का शुक्रवार को राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात कर आभार जताया। एसोसिएशन के सदस्यों ने पेट्रोल और डीजल पर वैट कम करने और ''एक राज्य, एक कीमत'' को लागू करने को बहुप्रतीक्षित एवं ऐतिहासिक कदम बताया। सदस्यों ने मुख्यमंत्री को साफा पहना कर तथा मुंह मीठा करवा कर उनका स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा हमारी डबल इंजन सरकार डबल स्पीड से काम कर आम जन को राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में पेट्रोल व डीजल पर वैट में कमी की गई है, जिसका फायदा सभी प्रदेशवासियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि अलग-अलग जिलों में पेट्रोल व डीजल की दरों में विसंगति दूर करने के निर्णय से सीमावर्ती जिलों के लोगों तथा पेट्रोल पंप डीलर्स को लाभ मिलेगा। राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र सिंह भाटी ने राज्य सरकार के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि वैट दरों में 2 प्रतिशत कमी लाने का राज्य सरकार का निर्णय स्वागत योग्य है। साथ ही, अलग-अलग जिलों में दरों की विसंगति दूर होने के बाद राजस्थान अब देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां एक राज्य-एक कीमत प्रभावी हो गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा पेट्रोल तथा डीजल पर वैट में 2 प्रतिशत की कमी की गई है। साथ ही, पेट्रोलियम विपणन कम्पनियों द्वारा सेकेण्डरी फ्रेट को युक्तिसंगत किया गया है। इन निर्णयों से आमजन को बड़ी राहत मिली है और प्रदेश में पेट्रोल पर 1 रुपए 40 पैसे से लेकर 5 रुपए 30 पैसे प्रति लीटर तथा डीजल पर 1 रुपए 34 पैसे से लेकर 4 रुपए 85 पैसे प्रति लीटर तक कमी हुई है।

## राजस्थान बना देश का पहला राज्य, जहां पोर्टल बताएगा बांधों और नहरों में कितना है पानी

सूचना तकनीक के उपयोग से सूबे के प्रमुख जलाशयों के जलस्तर एवं नहरों में प्रवाहित जल का रियल टाइम डेटा पब्लिक डोमेन में उपलब्ध कराने की दिशा में राजस्थान ने एक अभिनव पहल की है। इस सम्बन्ध में शुक्रवार को सिंचाई भवन में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने राज्य जल संसाधन सूचना प्रणाली डैशबोर्ड का लोकार्पण किया। इस पोर्टल से न केवल बाढ़ और सूखे के बारे में पूर्वानुमान लगाने में सहायता मिलेगी, बल्कि पानी की उपलब्धता के आधार पर जल का बेहतर प्रबंधन भी संभव होगा। यह प्रणाली जल संसाधन विभाग ने राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना के तहत विकसित की गई है। राजस्थान यह पोर्टल लॉन्च करने वाला देश का पहला राज्य है। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि राजस्थान जैसे वर्षा की कमी वाले प्रदेश में जल प्रबंधन की दिशा में यह पोर्टल मील का पत्थर साबित होगा। जल की उपलब्धता की रियल टाइम जानकारी मिलने का सबसे ज्यादा फायदा किसानों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्षा, जलभराव, तापमान, भू जल की स्थिति और सतही जल की उपलब्धता की लगातार मॉनिटरिंग से प्रदेश के जल संसाधनों का बेहतर व सतत प्रबंधन किया जा सकेगा। रावत ने अधिकारियों को इस पोर्टल पर आमजन द्वारा सुझाव देने, टिप्पणी और शिकायत करने की भी व्यवस्था करने के लिए भी निर्देशित किया ताकि आमजन अथवा किसानों की समस्याओं व शंकाओं का त्वरित समाधान किया जा सके।



## मील का पत्थर साबित हो रही हैं आवासन मंडल की परियोजनाएं: खर्रा




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान आवासन मंडल प्रदेश में विकास का पर्याय बन गया है। मंडल की परियोजनाएं ना केवल राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित हो रही हैं बल्कि प्रदेश के हजारों परिवारों के अपने आशियाने का सपना साकार कर रही है। यह कहना है नगरीय विकास एवं आवासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा का। खर्रा ने शुक्रवार को मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में जयपुर सहित अन्य जिलों में आवासन मंडल के विकास कार्यों एवं परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खर्रा ने कहा कि आवासन मंडल जयपुर सहित प्रदेश के अनेक जिलों के रहवासियों के लिए नवीन परियोजनाओं एवं विकास कार्यों की सौगात लेकर आया है। हमारी प्राथमिकता आमजन को गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध करवाना है। राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण को केन्द्र में रखते हुए विकास कार्य कर रही है। मानसरोवर के सिटी पार्क का बॉटनिकल गार्डन इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि छोटे शहरों में रह रहे जरूरतमंद लोगों को भी सुविधाजनक आवास मिले हम इसे सुनिश्चित कर रहे हैं।

## आचार्य सुंदर सागर महाराज का संघ के नगर प्रवेश पर श्रद्धालुओं ने भव्य अगवानी की



निंबाहेड़ा. शाबाश इंडिया। दिगबराचार्य श्री सुंदरसागर महाराज का ससंघ के आगमन पर नगरवासियों ने दिगंबर जैन समाज की अगुवाई में भव्य अगवानी कर पद प्रक्षालन के साथ अपनी भक्ति प्रदर्शित की। दिगंबर समाज के प्रवक्ता मनोज सोनी के अनुसार समाज अध्यक्ष सुशील काला व महामंत्री मनोज पटवारी की अगुवाई में मंगलवार प्रातः मुनि वृंदो को नीमच रोड स्थित मोती बावजी के समीप से भव्य अगवानी कर जुलूस के रूप में बैंड बाजो के साथ सरावगी गली स्थित आदिनाथ जिनालय के दर्शनोपरांत नगर के प्रमुख मार्गो से आदर्श कॉलोनी स्थित श्री शांतिनाथ जिनालय लाया गया। मुनि संघ का विविध स्थलो पर श्रद्धालुओ ने पद प्रक्षालन किए। शांति नाथ जिनालय में मुनि संघ की उपस्थिति में शांतिधारा कलशाभिषेक कर आयोजित धर्म सभा में आचार्य श्री ने आशिवर्चन दिए। तत्पश्चात मुनि संघ की आहारचर्या मांगलिक भवन में श्रद्धालुओ ने पूर्ण भक्ति से पडगाहन विधि से संपन्न कराई। संत भवन में मुनि संघ ने धार्मिक क्रियाएं संपन्न कराई। इसी श्रंखला में दोपहर को मुनि वृंदो ने शास्त्र सभा का आयोजन किया जिसमें सारगर्भित धर्म चर्चा के साथ संध्या बेला में धर्मावलंबियों ने आचार्य संघ के प्रति गुरु भक्ति परिलक्षित कर अपनी धार्मिक शंकाओं का समाधान प्राप्त किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित समाजजनों ने आचार्य भक्ति कर भक्ति भजन भाव से महाआरती संपन्न कराई।

## चित्रकूट जैन मंदिर से अयोध्या तीर्थ प्रवर्तक रथ शोभायात्रा निकाली

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सांगानेर चित्रकूट जैन मंदिर से अयोध्या तीर्थ प्रवर्तक रथ शोभायात्रा के साथ निकाला गया, मीडिया प्रबारी दीपक जैन पहाड़िया, अध्यक्ष केवलचन्द गंगवाल, मंत्री अनिल जैन काशीपुरा ने बताया कि चित्रकूट जैन समाज ने मुख्य घर के द्वार पर समाज जन द्वारा श्रीजी की आरती की गई सोदर्भ इंद्र का पुण्यार्जक केवल चंद जैन श्रीमती संतोष देवी जैन, कुबेर इंद्र सुरेंद्र जी श्रीमतीअल्पना जी जैन हमीरपुर वाले पालना झुलाने में बालमुकुंद जी बोंली वाले सोभाग जी जैन लाखन पुर ने इंद्र बन कर रथ का सौभाग्य प्राप्त किया।

## सूरत का प्राचीन चैत्यालय हुआ सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ क्षेत्र में विराजमान



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ, गुन्सी (राज.) की पावन धरा पर प.पू. भारत गौरव, पुरातत्व रक्षिका गणिनी आर्यिका 105 गुरुमाँ विज्ञाश्री माताजी की पावन प्रेरणा से प्राचीन जिनबिम्ब स्थापना उत्सव बड़े हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ। श्री पार्श्वनाथ चैत्यालय, दिल्ली गेट, प्रेमदास वाड़ी, सूरत (गुज.) में जो प्राचीन चैत्यालय विराजमान था, उसका स्थानान्तरण सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ क्षेत्र पर करने का परम सौभाग्य नमनकर्त्ता दीलिप जयेश अंकित लुहाडिया सपरिवार सूरत वालों ने प्राप्त किया। प्रातः कालीन श्री जिनसहस्त्रनाम आराधना के पश्चात भक्तों ने अभिषेक, शांतिधारा करके सातिशय पुण्य का संचय किया। तत्पश्चात श्री पार्श्वनाथ भगवान की आराधना करते हुए मालवीय नगर जयपुर समाज के श्रावक श्रेष्ठी जितेन्द्र मारोठ वाले, महेश मोटूका निवाई, विजय गंगवाल चाकसू, वनस्थली, सवाईमाधोपुर, मालपुरा, जबलपुर एवं सूरत वालों ने श्री कल्याण मंदिर विधान रचाया। बड़े ही भक्ति भावों के साथ श्री जी को वेदी पर स्थापित किया गया। श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ, क्षेत्र निर्माण का मुख्य उद्देश्य जीर्ण- शीर्ण प्राचीन चैत्यालयों की सेवा, सुरक्षा एवं संवर्द्धन करना है। जैन पुरातत्व इतिहास को सुरक्षित रखने का मुख्य आयाम इसकी विविध योजनाओं में अंतर्गर्भित है। पुण्यवर्धक योजनाओं से जुड़ने का ऐतिहासिक मौका पूज्य गुरूमाँ की कृपा दृष्टि से अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन समाज को मिलने जा रहा है। यह हम सब के लिए गौरव की बात है।


भगवान महावीर के 2622वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयनती तक

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में

मुख्य प्रायोजक R K GROUP WONDER CEMENT | सह प्रायोजक ARL ARL Infratech Ltd. | सह प्रायोजक समाचार जगत

श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद द्वारा

In association with NSS and ROTARACT Club of Shri Mahaveer College.

रक्तदान जीवन दान

रक्तदान शिविर

GIVE BLOOD GIVE LIFE

प्रातः 9 से 1 बजे तक
शनिवार, 16 मार्च 2024

स्थान:- श्री महावीर कॉलेज,
सी-स्कीम, जयपुर

क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।

उमराव मल संघी अध्यक्ष | सुनील बख्शी मानद् मंत्री | महेश काला कोषाध्यक्ष | सीए प्रमोद पाटनी संयोजक

डॉ. आशीष गुप्ता प्राचार्य | डॉ. मिनल शर्मा शिविर संयोजक | डॉ. जे.एस. बिदावत शिविर संयोजक

# दिगम्बर जैन सोश्यल ग्रुप वीर

(अन्तर्गत दिगम्बर जैन सोश्यल ग्रुप फेडरेशन राज. रीजन)

दैनिक भास्कर
मीडिया पार्टनर

## राजस्थान जैन युवा महासभा

विद्याधर नगर जोन एवं मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्त्वाधान में

## नि:शुल्क बहुचिकित्सकीय जाँच व परामर्श शिविर एवं सम्मान समारोह

**रविवार, 17 मार्च 2024**
समय : प्रात: 9:00 बजे से 3:00 बजे तक

**स्थान : श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर पार्क, मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर**

नोट : समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देनेवाली महिलाओं एवं विभुतियों का सम्मान

### :: विशाल रक्तदान शिविर ::

सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति – पत्र एवं जीवन सुरक्षा हेतु हेलमेट देकर सम्मानित किया जायेगा।

### :: सहयोगी संस्थाये ::

विश्व स्वास्थ्य संगठन, सेहत साथी फांउडेशन, एस.के.सोनी ब्लड बैंक, शंकरा आई हॉस्पिटल, शेखावाटी जनाना हॉस्पिटल, क्लोव डेंटल, वेलोज ई.एन.टी. सॉल्यूशंस

### शिविर में उपलब्ध नि:शुल्क सुविधायें

**नि:शुल्क परामर्श**

हृदय रोग विशेषज्ञ
पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ
जनरल फिजिशियन
स्त्री रोग विशेषज्ञ
हड्डी रोग एवं फिजियोथैरेपी
आहार विशेषज्ञ
नेत्र रोग विशेषज्ञ

**नि:शुल्क जाँचें**

ब्लड प्रेशर शुगर (RBS)
मोटापे की जाँच (BMI)
हड्डियों की जाँच (BMD)
ई.सी.जी. नसों की जाँच (VPT)
खून की जाँच (CBC)
कोलेस्ट्रॉल की जाँच (LIPID PROFILE)
शुगर की तीन माह की जाँच (HBAIC)
थायरॉइड की जाँच (TSH)
किडनी की जाँच (RFT), नेत्र जाँच, दंत जाँच

**नि:शुल्क दवाईयों का वितरण**

**नि:शुल्क नजदीक की दूरी के चश्मों का वितरण**

### :: कार्यक्रम गौरव ::

समाज श्रेष्ठि श्री कमल कुमार जी प्रभाचन्द जी, नरेश जी, अमित जी चांदवाड (निदेशक KMT Logistics),

श्रीमती दिया कुमारी जी (उप मुख्यमंत्री राज.सरकार)

समाज श्रेष्ठि श्री नंदकिशोर जी प्रमोद जी पहाड़िया (चेयरमेन एवं निदेशक ARL GROUP),

### :: विशिष्ट अतिथि ::

डॉ. श्रीमती सौम्या गुर्जर (महापौर नगर निगम ग्रेटर, जयपुर), समाज श्रेष्ठि श्री संजय जोशी (प्रसिद्ध समाज सेवी एवं निदेशक SKJ), समाज श्रेष्ठि श्री निरंजन कुमार जी, नितेश कुमार, योगेश पहाड़िया (प्रसिद्ध समाज सेवी), समाज श्रेष्ठि श्री तारेश जैन (समाज सेवी), समाज गौरव श्री रिषभ जैन (गोल्ड मेडलिस्ट बैंडमिटन, साउथ एशियनगेम्स दुबई 2023, श्री लंका 2018,, नेपाल एवं नेशनल गेम्स शिमला और गोवा)

## वेद ज्ञान

### प्रभू का स्मरण

दरअसल परमात्मा को प्राप्त करने के लिए अपने जीवन को सांसारिक बंधनों से अलग करना पड़ता है, ताकि हमारी आंखों और कानों में संसार प्रवेश न कर सके। मंदिरों में जोर-जोर से मंत्र पाठ किया जाता है। घंटा, झाल, मृदंग, शंख और नगाड़े जोर से बजाए जाते हैं। इसका गहरा अर्थ है। इसका अर्थ है कि जब मंदिर में मंत्र पाठ होता हो, तो मंदिर के बाहर जो शोर-शराबा हो रहा है, उनकी आवाज मंदिर तक न पहुंचे, अगर पहुंचे भी तो नगाड़े की आवाज के नीचे दब जाए। मंत्र पाठ में कोई विघ्न न पड़े इसलिए शंख, मृदंग आदि बजाया जाता है। जब आप मौन पाठ करते हैं, तो किसी के पैर की ध्वनि से भी आपका ध्यान भंग हो जाता है, लेकिन जब आप स्वयं जोर-जोर से मंत्र पाठ करते हैं, तो किसी के आने-जाने से कोई फर्क नहीं पड़ता। जोर से बोलकर प्रभु का नाम लेते हैं, जिससे आपका ध्यान केवल ईश्वर पर लग सके। आप पर बाहर का कोई प्रभाव न पड़ सके। सच पूछा जाए, तो स्मरण का मतलब है प्रभु से एकाकार हो जाना। प्रभु के नाम का स्मरण करते समय हमारा मन विचलित न हो, कहीं भागे नहीं, इसीलिए राम नाम का जाप किया जाता है ताकि काम, क्रोध का कोई प्रभाव हम पर न पड़े। जब बाहर का प्रभाव हमारे मन पर नहीं पड़ता है, तभी हमारा मन परमात्मा पर केंद्रित हो पाता है। मूल प्रश्न है कि अगर साधक का संयमपूर्वक परमात्मा पर ध्यान हो, तो किसी नाम के स्मरण का बहुत महत्व नहीं है। नाम स्मरण तो आपको प्रभु से जोड़ता है। प्रभु तक पहुंचाकर वह पीछे हट जाता है। आप मूर्ति पूजा करते हैं। मूर्ति पत्थर की बनी है। यह जो मूर्ति खड़ी है, वहां जाते ही हम अपने बाहर के विकारों को छोड़कर मूर्ति पर ध्यान लगाते हैं और वह मूर्ति अमूर्त बनकर हमें परमात्मा की अनुभूति करा देती है। मूर्ति परमात्मा की अनुभूति कराने का साधन है। ऐसा इसलिए, क्योंकि परमात्मा तो अमूर्त है। उस अमूर्त परमात्मा तक जाने के पहले हमें खुद अमूर्त बन जाना पड़ता है। यहां सारे विकारों को छोड़ देना पड़ता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि आप तो स्थूल हैं, परमात्मा सूक्ष्म है। स्थूल का सूक्ष्म से मिलन कैसे हो सकता है? इसलिए अपनी सारी स्थूलता को छोड़ना होगा। नाम का स्मरण परमात्मा तक पहुंचाता है। नाम अंगुली पकड़कर परमात्मा के दरवाजे तक पहुंचा देता है। अब आप परमात्मा की अनुभूति करें, लेकिन उसके पहले व्रत, कीर्तन, भजन जो नाम-स्मरण की प्रक्रिया हैं, करके पहले अपने विकारों को नष्ट करें क्योंकि परमात्मा को निर्मलता पसंद है।

## संपादकीय

# चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में पारदर्शिता का तकाजा

देश में आम चुनाव में अब ज्यादा वक्त नहीं रह गए हैं। ऐसे में चुनाव आयोग को पूरी तरह तैयार करने की अनिवार्यता को समझा जा सकता है। मगर चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति जिस तरह एक औपचारिक रिवायत की तरह पूरी भर कर ली जाती है, उसमें इस संस्था को लेकर कई बार नाहक एक भ्रम पैदा हो जाता है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में गठित समिति ने दो नए चुनाव आयुक्तों के नाम तय कर दिए हैं। इसके तहत ज्ञानेश



कुमार और बलविंदर संधू नए चुनाव आयुक्त होंगे। गौरतलब है कि एक चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे फरवरी में सेवानिवृत्त हो गए थे और दूसरे अरुण गोयल ने हाल ही में अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। नियमों के मुताबिक चुनाव आयोग में एक मुख्य चुनाव आयुक्त के अलावा दो चुनाव आयुक्त होते हैं। कहा जा सकता है कि नए कानून के तहत ये पहली नियुक्तियां होंगी। इससे पहले सरकार की सिफारिश के मुताबिक चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति होती थी। लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने के लिहाज से चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक जरूरी कदम है। मगर इस क्रम में पिछले कुछ समय से जिस तरह के विवाद उठते रहे हैं, उससे देश की इस सबसे भरोसेमंद मानी जाने वाली संस्था की कार्यप्रणाली को लेकर कुछ आशंकाएं उभरी हैं। इस बार भी दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सवाल उठाए और आरोप लगाया कि सिर्फ एक रात पहले उन्हें दो सौ बारह नामों की सूची दी गई। फिर इससे संबंधित बैठक शुरू होने के महज दस मिनट पहले सरकार की ओर से उनके पास छह नाम भेजे गए; इतने कम समय में सूचीबद्ध किए गए लोगों की ईमानदारी और तजुर्बे की जांच करना असंभव है। उन्होंने इस प्रक्रिया का विरोध करते हुए समिति में प्रधान न्यायाधीश को भी रखने की बात कही। अगर विपक्ष के नेता का आरोप सही है तो इसका मतलब यह है कि सरकार की ओर से शायद चुने गए नामों को लेकर आखिरी समय तक भ्रम की स्थिति बनाए रखने की कोशिश हुई। सवाल है कि देश में लोकतंत्र को जमीन पर उतारने का बड़ा दायित्व संभालने वाली जिस संस्था का गठन पूरी तरह पारदर्शी होना चाहिए, उसे लेकर किसी भी स्तर पर पदार्दारी क्यों बरती जाती है! चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर पहले भी सरकार की मंशा पर सवाल उठे हैं। जरूरत इस बात की है कि आयुक्तों के नामों को सूचीबद्ध करने, उनके चयन से लेकर नियुक्ति तक के मामले में समूची प्रक्रिया सरकार पारदर्शी तरीके से पूरी कराए। अगर किसी भी पक्ष की ओर से चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के मसले पर वाजिब तर्कों के साथ सवाल उठाए जाते हैं, तो इससे आयोग की विश्वसनीयता कमजोर होगी। यह भी सुनिश्चित करने की जरूरत है कि आम जनता और मतदाताओं के बीच आयोग के सदस्यों के कामकाज को लेकर कोई भ्रम न पैदा हो। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता और उसकी कार्यपद्धति पर बहुत कुछ निर्भर करता है, जिससे देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का जीवन कायम रह सके। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# जातीय समीकरण

हरियाणा में हुए नेतृत्व परिवर्तन को लेकर स्वाभाविक ही अटकलबाजियां शुरू हो गईं। सब कुछ इतनी तेजी से हुआ कि लोग हैरान रह गए। एक दिन पहले प्रधानमंत्री ने एक सार्वजनिक मंच से मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की खूब तारीफ की थी और दूसरे दिन उनका इस्तीफा हो गया। उसके तुरंत बाद नए मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा हो गई और उन्हें शपथ भी दिला दी गई। जाहिर है, भाजपा ने पहले से इसकी तैयारी कर रखी थी और किसी को भनक तक नहीं लगने दी। लोगों में हैरानी इस बात को लेकर ज्यादा देखी गई कि अगर केंद्रीय नेतृत्व मनोहर लाल खट्टर के कामकाज को लेकर नाराज था, तो फिर प्रधानमंत्री ने एक दिन पहले उनकी इतनी तारीफ क्यों की थी। मगर इस नेतृत्व परिवर्तन का गणित तब समझ में आया, जब गठबंधन से अलग होने के बावजूद जननायक जनता पार्टी यानी जजपा ने भाजपा के प्रति किसी प्रकार की कड़वाहट जाहिर नहीं की। पिछले सवा चार साल से दोनों पार्टियां गठबंधन में थीं और जजपा प्रमुख दुष्यंत चौटाला उपमुख्यमंत्री बने रहे। पर वे अचानक गठबंधन से अलग हो गए, तो किसी मतभेद की वजह से नहीं। अब स्पष्ट हो चुका है कि यह समीकरण भाजपा ने लोकसभा चुनावों के मद्देनजर तैयार किया है। मनोहर लाल खट्टर को हटाने के पीछे भी वजह स्पष्ट है। चूंकि वे नौ वर्षों से मुख्यमंत्री थे और उनके कामकाज को लेकर न तो पहले कार्यकाल में हरियाणा के लोग बहुत खुश थे, न इस कार्यकाल में। खासकर किसान आंदोलन के वक्त जिस तरह उन्होंने सख्ती दिखाई उससे वहां के लोग खासे नाराज थे। इस बार भी पंजाब-हरियाणा सीमा पर किसानों को रोक कर उन पर जिस तरह आंसू गैस के गोले बरसाए गए, उससे नाराजगी और बढ़ी है। फिर डेरा सच्चा सौदा के राम रहीम की गिरफ्तारी और जाट आरक्षण के समय जिस तरह व्यापक हिंसा हुई और बीते नौ सालों में हरियाणा में अपराध की दर बढ़ी है, उससे भी लोग खासे नाखुश हैं। अगर खट्टर अपने पद पर बने रहते, तो लोकसभा चुनाव में भाजपा को इसका खमियाजा भुगतना पड़ता। खट्टर के अपने पद पर न रहने से उनके कार्यकाल की कड़वाहटें भी धीरे-धीरे लोगों की स्मृति से धुंधली होती जाएंगी। यह प्रयोग भाजपा इससे पहले गुजरात, उत्तराखंड, कर्नाटक और त्रिपुरा में कर चुकी है। विधानसभा चुनाव से पहले वहां भी इसी तरह सबको हैरान करते हुए मुख्यमंत्री बदल दिए गए थे। कर्नाटक को छोड़ कर तीन जगहों पर भाजपा को इस प्रयोग का फायदा भी मिला था। जजपा से गठबंधन तोड़ने का प्रमुख कारण है कि भाजपा जाट वोट में बिखराव पैदा करना चाहती है। जजपा अलग होकर चुनाव लड़ेगी तो वह जाट वोट में भारी सेंधमारी कर सकती है। हरियाणा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का गठबंधन होने के बाद माना जा रहा था कि भाजपा को भारी नुकसान होगा। मगर अब जाट वोट बंटेगा, तो फायदा भाजपा को मिलेगा। हालांकि यह गणित कितना कामयाब होगा, कहना मुश्किल है। लोकसभा चुनाव नजदीक हैं और उस पर से खट्टर सरकार की नाकामियों और ज्यादतियों की छाया हट जाएगी, दावा नहीं किया जा सकता। फिर, जजपा पर भी वही दाग हैं, जो भाजपा पर हैं, इसलिए जाट मतदाता कितना उसका साथ देंगे, देखने की बात होगी।

# धर्म जागृति संस्थान ने जयपुर प्रवास हेतु वर्धस्वनंदिनी माताजी ससंघ को अलवर में किया श्रीफल भेंट





## वर्धस्वनंदिनी माताजी ने सन्त संगति को बताया स्वर्ग समान

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

परम पूज्य आचार्य वसुनंदी जी मुनिराज की परम प्रभावक शिष्या वात्सल्य प्रतिमूर्ति आर्यिका वर्धस्वनंदिनी माताजी ससंघ के गुरुवार को मुंशी बाजार अलवर स्थित चन्दा प्रभु मन्दिर में भव्य मंगल प्रवेश के दौरान जयपुर से गए धर्म जागृति संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला , वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन चौधरी अलवर , संरक्षक ज्ञानचंद बस्सी व राकेश मधोराजपुरा, कोषाध्यक्ष पंकज लुहाडिया, बीना जैन आदि की उपस्थित रही । धर्म जागृति संस्थान प्रांत राजस्थान के उपस्थित सदस्यों द्वारा माताजी को गुरु जी का अर्घ बोलते हुए जयपुर प्रवास हेतु श्रीफल भेंट कर निवेदन किया गया। इधर अलवर समाज ने संस्थान के सदस्यों का बड़े ही मनोभाव के साथ स्वागत अभिनंदन किया। मन्दिर जी में माताजी ने मंगल प्रवचन में सन्त संगति को स्वर्ग समान बताया तथा प्रवचन के दौरान धर्म जागृति संस्थान राजस्थान को उत्कृष्ट कार्यों व धर्म प्रभावना के लिए मंगल आशीर्वाद दिया।

भगवान महावीर के 2622वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयनती तक
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में
मुख्य प्रायोजक RK R K GROUP WONDER CEMENT
सह प्रायोजक ARL ARL Infratech Ltd.
सह प्रायोजक समाचार जगत
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप वीर
रक्तदान जीवन दान
रक्तदान शिविर
GIVE BLOOD GIVE LIFE
प्रातः 09 से 3 बजे तक
रविवार, 17 मार्च 2024
स्थानः- श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर पार्क, मुरलीपुरा स्कीम
क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।

परमपूज्य संतशिरोमणि समाधिस्थ आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं
परमपूज्य निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव 108 सुधासागर जी महाराज की प्रेरणा से संस्थापित

# श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर

के अन्तर्गत संचालित



सन्त शिरोमणी आचार्य
108 श्री विद्यासागर जी महाराज






निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव
108 श्री सुधासागर जी महाराज

# सन्त श्री सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय

जैन नसियां परिसर, वीरोदय नगर, सांगानेर, जयपुर ( राज. ) 302029

## प्रवेश सूचना

हर्ष का विषय है कि परम पूज्य समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शुभाशीष एवं श्रमण संस्कृति के श्रेष्ठ संरक्षक पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज के सदुपदेश एवं सत्प्रेरणा से संपूर्ण घर परिवार को संस्कारित करने के उद्देश्य से समाज की बालिकाओं को सच्चरित्र एवं सद्विद्या से सम्पन्न बनाने हेतु उक्त महाविद्यालय का नवीन सत्र 01 जुलाई 2024 से शुभारम्भ हो रहा है।

अतः प्रवेश इच्छुक छात्राएँ निम्न चतुर्दिवसीय शिविर में उपस्थित हों।

- श्री दिगम्बर जैन नसियां मन्दिर में देवाधिदेव भगवान संभवनाथ प्रभु की छत्रछाया में पूर्ण सुविधा सम्पन्न भवन में छात्राओं के आवास, भोजन, शिक्षण आदि की समस्त सुविधाएँ निःशुल्क उपलब्ध हैं।
- केन्द्रीय सं.विश्वविद्यालय, नई दिल्ली एवं राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर से सरकारी सेवा हेतु सर्वत्र मान्य उपाधि-प्रमाण-पत्र।
- साहित्य, व्याकरण, जैनदर्शन, प्राकृत, ज्योतिष, वास्तु-विज्ञान, कम्प्यूटर, अंग्रेजी आदि विषयों के साथ प्रवचन आदि के प्रायोगिक प्रशिक्षण का सुप्रबन्ध।
- प्रशिक्षण युक्त सघन शिक्षा द्वारा आर्षमार्गी आगमनिष्ठ विद्वत्ता प्राप्ति का अपूर्व अवसर, प्रतिभा उजागर हेतु पाक कला, सिलाई, चित्रकला, नृत्य-संगीत आदि अनेक पाठ्य सहगामी प्रवृत्तियाँ।

## 10वीं कक्षा उत्तीर्ण प्रवेश इच्छुक छात्राएँ किसी एक चयन शिविर में भाग लें।

**दिनांक : 03 से 06 मई 2024**
श्री दि. जैन अतिशय क्षेत्र गोलाकोट जी
खनियांधाना जिला - शिवपुरी (मध्यप्रदेश)
श्री राजीव जैन, मंत्री 91310 94333
श्री सिद्धार्थ जैन, लेखाकार 62638 03101
श्रीमती ज्ञानमती जैन 88905 89298
श्रीमती अंतिमा जैन 89520 12323

**दिनांक : 21 मई से 24 मई 2024**
श्री निर्मल तीर्थ सार्व. न्यास
श्री शांतिनाथ दिगम्बर जिनमंदिर, धामणी जूणी
सांगली (महाराष्ट्र)
सन्मति उगरे 98608 33352
अर्चना हुपरी 95525 73949
सुरेखा पाटिल धामणी 99701 31098
स्वरूपा पाटिल यड्रावकर 98228 37555

**दिनांक : 20 जून से 23 जून 2024**
सन्त श्री सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय
जैन नसियां परिसर, वीरोदय नगर,
सांगानेर, जयपुर (राजस्थान)
श्रीमती ज्ञानमती जैन 88905 89298
श्रीमती अंतिमा जैन 89520 12323

पर्वराज दशलक्षण 08 सितम्बर से 17 सितम्बर 2024 से प्रारंभ हो रहे है। पर्व में विधि-विधान एवं प्रवचनादि कार्यों तथा शिक्षण शिविरों में अध्यापन हेतु आर्षमार्गीय निर्ग्रन्थ परम्परा पोषक विद्वान एवं विदुषियाँ आमंत्रित करने हेतु कृपया प्रदत्त नंबर पर संपर्क करें।
श्रीमती ज्ञानमती जैन - 88905 89298 श्रीमती अंतिमा जैन - 89520 12323

सन्त श्री सुधासागर
आवासीय कन्या महाविद्यालय
अधिष्ठात्री
श्रीमती शीला जैन (डोड्या)
93141 73436
निदेशिका
डॉ. वंदना जैन
93514 25177

शिविर में प्रवेश इच्छुक छात्राऐं अपने साथ पूर्वोत्तीर्ण अंक सूची, तथा अन्य प्रमाण पत्र व सफेद सलवार-कुर्ता एवं लाल चुन्नी लेकर शिविर प्रारम्भ तिथि से एक दिन पूर्व सायं तक अवश्य उपस्थित हों।

शिविर में पूर्व परीक्षा एवं प्राप्त अंक, योग्यता, अभिरुचि एवं साक्षात्कार के आधार पर विदुषी बनने योग्य छात्राओं का चयन किया जायेगा।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शिरोमणि संरक्षक / परामर्शक | शिरोमणि संरक्षक/सह- परामर्शक | अधिष्ठाता | निदेशक | अध्यक्ष | कार्याध्यक्ष | मानद् मंत्री | कोषाध्यक्ष |
| जैन गौरव अशोक पाटनी, मदनगंज-किशनगढ़ | तरुण काला, मुंबई | डॉ. जयकुमार जैन, मुजफ्फर नगर | डॉ. शीतलचन्द जैन, जयपुर | शांति कुमार जैन (IPS. RETD.), दिल्ली | प्रमोद जैन 'पहाड़िया', जयपुर | सुरेश कुमार जैन, सांगानेर | ऋषभ कुमार जैन, जयपुर |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परामर्शक | परामर्शक | अधिष्ठात्री | निदेशिका | गौरव अध्यक्षा | अध्यक्षा | उपाध्यक्षा | उपाध्यक्षा | समन्वयक |
| श्रीमती सुशीला पाटनी | श्रीमती शान्ता पाटनी | श्रीमती शीला जैन ( डोड्या ) | डॉ. वंदना जैन | श्रीमती तारिका पाटनी | श्रीमती रेणु राणा | श्रीमती नीना पहाड़िया | श्रीमती रजनी काला | प्रा. अरुण कुमार जैन |

निवेदक : समस्त प्रवन्धकारिणी समिति श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान एवं सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय, सांगानेर, जयपुर













# हेमलीज ने इटली में खोला दूसरा फ्लैगशिप स्टोर

## रिलायंस ब्रांड्स लिमिटेड (आरबीएल) ने 2019 में हेमलीज का किया था अधिग्रहण, 16 देशों में कंपनी के 189 स्टोर्स हैं

**रोम. शाबाश इंडिया**

विश्व प्रसिद्ध ब्रिटिश खिलौना ब्रांड हेमलीज ने रोम के प्रतिष्ठित इलाके गैलेरिया अल्बर्टो सोर्डी में अपना दूसरा स्टोर खोला है। यह स्टोर इटली की अग्रणी खिलौना कंपनी गियोची प्रीज़ियोसी के साथ साझेदारी में खोला गया है। इटली के मिलान शहर में भी




कंपनी का स्टोर है। 1,360 वर्ग मीटर में फैला यह खिलौना स्टोर, रोम की सबसे शानदार सड़कों में से एक वाया डेल कोरसो पर स्थित ऐतिहासिक शॉपिंग आर्किड में खोला गया है। 1760 में बनी इस कंपनी का 2019 में रिलायंस ब्रांड्स लिमिटेड (आरबीएल) ने अधिग्रहण कर लिया था। वर्तमान में कंपनी 16 देशों में फैले 189 दुकानों में हेमलीज खिलौने बेचती है। स्टोर को हेमलीज के लाल और सफेद रंगों से सजाया गया है। बच्चों में खासे लोकप्रिय खिलौने जैसे लेगो, नेरफ और बार्बी ब्रांडों को यहां प्रदर्शित किया गया है। हेमलीज ग्लोबल के सीईओ सुमीत यादव ने कहा ''रोम में हमारा विस्तार एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। मिलान में हमें जबरदस्त प्यार और समर्थन मिला इसके बाद यह स्टोर इटली में गियोची प्रीज़ियोसी ग्रुप (जीपी ग्रुप) के साथ हमारा दूसरा स्टोर है। हम पूरे इटली में बच्चों और परिवारों के बीच खिलौनों की मार्फत खुशी और जादू बिखेरना जारी रखेंगे।''

# महिला कार्यकर्ताओं का सम्मान किया




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सोडाला स्थित शिव कृपा मेटरनिटी एंड जनरल हॉस्पिटल में महिला कार्यकर्ताओं का सम्मानडॉ पूजा रूंगटा के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज की उन चुनिंदा महिला कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया जो समाज में रहकर चिकित्सा के क्षेत्र में विभिन्न सेवाएं देती है। वे घर- घर जाकर आम जनता को जागरूक करती है। टीकाकरण के लिए महिलाओं को प्रसव के पूर्व डॉक्टरी सलाह के लिए प्रेरित करती हैं, उनको टीकाकरण के लिए जागरूक बनाती है, घर पर होने वाली डिलीवरी से होने वाले नुकसान के बारे में अवगत कराती है और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देती है प्रसव के पश्चात होने वाले बच्चों के टीकाकरण के लिए भी प्रेरित करती है यह महिलाएं सामान्य बीमारियों के बारे में भी जानकारी प्रदान करती है ऐसी नारी शक्ति के समान के लिए शिव कृपा मेटरनिटी एंड जनरल हॉस्पिटल ने आज अस्पताल परिसर में ही एक कार्यक्रम का आयोजन किया एवं इन्हें सम्मानित किया इस अवसर पर शिव कृपा अस्पताल की डायरेक्टर एवं कंसलटेंट डॉक्टर पूजा रुंगटा ने इन सभी महिला कार्यकर्ताओं को भारतीय नारी का पहनावा साड़ी देकर सम्मानित किया और तहे दिल से की गई इनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया एवं उनके कार्यों को सराहा। आज के इस कार्यक्रम में नीलम सक्सेना, प्रीति,डॉक्टर सुरिंदर कौर, डॉ अनीता गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किया और सब की हौसला अफजाई की।

# अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज के प्रवचन से

**ऐसे लोग भी तुम्हारे आस पास मिलेंगे..**
**जिनके दिलों में जहर और जुबान में मिठास भरी है..!**




सच है मित्रो ! चिकनी, चुपड़ी बातों से, फितरत का पता नहीं चलता। अन्दर क्या है, बाहर क्या है, इसका पता नही चलता। जो मीठेपन का लेप चढ़ाकर, प्यारी बातें करते हैं, वो गिरगिट की भान्ति कब रंग-ढ़ंग बदल दे, इसका पता नहीं चलता है। आपने भी सुना होगा कि कहीं जंगल कट रहा था, लेकिन सारे पेड़ कुल्हाड़ी को बोट दे रहे थे। क्योंकि पेड़ सोच रहे थे, कि कुल्हाड़ी में जो लकड़ी लगी है, वो उनके ही समाज की है। अपने ही दु:ख देते हैं। अपनों से अपनापन उतना रखो, यदि कभी अपने छोड़ भी दे, तो जीते जी मरना ना पड़े। अन्यथा। इसलिए दुनिया में जितने भी महापुरुष हुए हैं, वे केवल पूजने के लिए नहीं है, प्रेरणा लेने के लिए भी है। आज हम तीर्थंकरों और अवतारों की पूजा तो करते हैं, मगर उनके आदर्श जीवन से प्रेरणा नहीं लेते। उनकी जय तो बोलते हैं, मगर उन्हें जीते नहीं। उनकी प्रशंसा तो करते हैं, मगर उन्हें पसंद नहीं करते। अब प्रशंसा करने का नहीं, अब समय है उनके तप, त्याग और आचरण को पसंद करने का...! -नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद

# महावीर इंटरनेशनल द्वारा बागीदौरा हॉस्पिटल में व्हीलचेयर व बेबिकीट वितरण



**बागीदौरा. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल केंद्र बागीदौरा द्वारा उप जिला चिकित्सालय बागीदौरा में दो व्हीलचेयर व 50 बेबिकीट वितरण किए गए। जॉन सचिव वीर विनोद दोसी ने बताया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा बागीदौरा के शाखा प्रबंधक रविन्द्र पाटीदार के मुख्य अतिथि में समारोह आयोजित किया गया जिसमे शाखा अध्यक्ष वीर दिलीप दोसी व सचिव बसन्तकान्त शर्मा ने अतिथियों का उपरना पहना कर स्वागत किया गया। हॉस्पिटल इन्चार्ज डॉ.पी.एल.सैनी डॉ जितेंद्र, डॉ नमन जैन, व सहयोगी डॉक्टर्स का वीर ललित सवोत, लक्ष्मीलाल मेहता, रमेश भट्ट द्वारा स्वागत किया गया। महावीर इंटरनेशनल अपैक्स अध्यक्ष अनिल जैन ने जानकारी दी कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सौजन्य से सम्पूर्ण भारत मे जहाँ महावीर इंटरनेशनल की जहाँ जहाँ शाखाएं है वहाँ के राजकीय हॉस्पिटल में व्हीलचेयर वितरण किये जा रहे है। साथ ही अपेक्स की ओर से इन अस्पतालों में बेबिकीट भी वितरित किये जा रहे है ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने भी अपनी ओर से 50 बेबिकीट देने की घोषणा की। कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल शाखा नोगामा केंद्र अध्यक्ष सुरेश गांधी , पुष्पक जैन, डॉ नमन जैन भी उपस्थित रहे।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# कुंडलपुर महोत्सव के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रण दिया



राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया

**भोपाल।** अतिशय क्षेत्र कुंडलपुर कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल में मप्र के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से मुलाकात कर उन्हें अगले महीने कुंडलपुर में आयोजित होने वाले आचार्य पद प्रतिष्ठा अनुष्ठान महामहोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया । जैन समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि जिसे माननीय मुख्यमंत्री ने खुशी खुशी सहर्ष स्वीकार भी कर लिया है। प्रतिनिधिमंडल में कुंडलपुर कमेटी के महासचिव आरके जैन, कुंडलपुर कमेटी प्रशासनिक संयोजक रवीन्द्र जैन पत्रकार, प्रभात सेठ एवं भाजपा नेता सिध्दार्थ मलैया शामिल थे। इस मुलाकात में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी ने भरोसा दिलाया कि कुंडलपुर महोत्सव के लिए राज्य शासन की ओर से सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगीं। इसके लिए दमोह कलेक्टर सहित सभी संबंधित विभागों को निर्देश जारी कर दिए जाएंगे।

# शांतिनाथ दिगम्बर जैन महिला मंडल सर्वोदय कालोनी ने आचार्य विद्या सागर जी महाराज को विनयाजलि दी



अजमेर. शाबाश इंडिया

सर्वोदय कालोनी की शांति नाथ महिला मंडल ने आचार्य विद्या सागर जी महाराज को गुण माला गंगवाल के निवास स्थान पर णमोकार का पाठ जिसने हमे सब कुछ दिया है हम कुछ ना दे पाये, साधना दनगसिया द्वारा गाये गये भजन कहाँ मिलेंगे गुरु विद्यासागर जी के चरण दोबारा इस भजन पर सभी सदस्यों की आंखों से जलधारा बहने लगी । अध्यक्ष मधु जैन , मंत्री रेणु पाटनी ने बताया कि इस अवसर पर अनामिका सुरलाया, शिखा बिलाला ,बीना गदिया,चिंता मणि गोधा, कनकं छाबड़ा, रेणु सौगानी, मनोरमा सुरलाया, साधना दनगसिया साधना पाटनी, शांता पाटनी, नीरू सौगानी, मंजु छाबड़ा, मुन्नी सौगानी ,मंजु पाटनी, गुण माला गंगवाल, संतोष गंगवाल आदि सदस्य मोजूद रही।

# आदिमति महिला मंडल द्वारा फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित

## शिप्रा कासलीवाल बनी फाल्गुन की रानी



फागी. शाबाश इंडिया

कस्बे में स्थित सैफरॉन रेजिडेंसी आवास पर आदिमती महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शिमला नला की अगुवाई में एवं महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित फागोत्सव महोत्सव में अनेक रंगारंग कार्यक्रम किए गए, महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्य मुन्ना कासलीवाल ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में श्रीमती मैना झंडा एवं चित्रा गोधा को चीफ गेस्ट के लिए आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कृष्ण का रूप कान्हा रेणु कागला, राधारानी का रूप सोना कलवाड़ा तथा फाल्गुन की रानी शिप्रा कासलीवाल को सर्वश्रेष्ठ पात्रों में चुना गया। कार्यक्रम में खेल कूद प्रतियोगिता में चित्रा गोधा,मैना झंडा, राजा कासलीवाल,नीतू कठमाना, ज्योति कासलीवाल को पारितोषिक देकर विजेता घोषित किया गया। श्रीमती मैना झंडा एवं चित्रा गोधा ने अवगत कराया कि महिला मंडल की तरफ से उक्त कार्यक्रम में चाय, कोफी, अल्पाहार की पूरी व्यवस्था की गई थी,जिसका महिला मंडल ने जमकर आनंद उठाया,कार्यक्रम के दौरान होली के गीतों पर धमाल हुआ तथा गुलाल, अबीर, फूलों से होली खेली गई एवं होली के विभिन्न गीतों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य करते हुए आनंद मनाया। उक्त कार्यक्रम में मुन्ना कासलीवाल, शिमला नला,मैना झंडा, चित्रा गोधा, प्रीति कलवाड़ा, दीपा पंसारी, त्रिशला नला, निर्मला बजाज, राजा कासलीवाल, बरखा गंगवाल, संगीता नला,उषा लदाना, निर्मला मंडावरा, डिम्पल कठमाना, सोना कठमाना, तथा हेमा पहाड़िया चोरू सहित पूरा महिला मंडल मोजूद था, उक्त कार्यक्रम का मंच संचालन मुन्ना कासलीवाल किया तथा पूरे महिला मंडल का आभार व्यक्त किया।

# भेळी बात का हुआ सशक्त मंचन

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की सहायता योजना के अंतर्गत दर्शक संस्था सभासद मालवीय नगर में नाद संस्था ने नाटक भली बात का सशक्त मंचन किया। भेळी बात एक राजस्थानी शब्द है जिसमें भेळी का अर्थ है इकट्ठा करना है और बात का मतलब कहानी और बातचीत से है। भेळी बात में राजस्थानी कहावतें, कहानीयां, दोहे, सोरठे आदि को रोचकता से प्रस्तुत करते हुए राजस्थानी भाषा और संस्कृति का बखान होता है। राजस्थान में कहानी सुनाने की एक शैली है बातपोशी। उसी बातपोशी शैली का प्रयोग करते हुये प्रस्तुत दर्शकों को प्रस्तुति में भुमिका बना कर राजस्थानी सुनना, बोलना और समझाने को प्रयास किया जाता है। दर्शक दीर्घा में बैठा



दर्शक भी नाटक का हिस्सा बन अभिनेता के साथ अभिनय में सहयोग करता है। और अंत तक नाटक के प्रवाह में साथ बहता है। इस नाटक के दौरान दर्शक राजस्थानी परिधान भी पहनता है, तो राजस्थानी बोलता भी है साथ राजस्थानी संस्कृती से रूबरू होता है। 1 घंटे की अवघी के इस प्रयोगी सत्र में दर्शक ही एक कलाकार की भांति भेळीबात का हिस्सा बन कर पूर्णता प्रदान करते हैं। राजस्थानी लोककथा, लोकगीत, लोकसाहित्य राजस्थानी गीतकारों के गीतों, एवं राजस्थान के गौरवशाली इतिहास को आधार बना कर अनिल मारवाड़ी ने भेळी बातां का लेखन एवं निर्देशन किया, इस प्रयोग के सुत्रधार भी स्वयं अनिल मारवाड़ीराकेश है,सह अभिनेता एवं संगीत पक्ष पर मनोज स्वामी और मुकेश सैनी है। प्रकाश राजेन्द्र शर्मा ''राजू'' का है।

# Shri Mahaveer College

(Affiliated to the University of Rajasthan, Jaipur)
A Co-Educational English Medium PG College
Mahaveer Marg, C-Scheme, Jaipur

## ADMISSION OPEN SESSION 2024-25

**BVA** (Bachelor of Visual Arts)
- APPLIED ARTS
- PAINTING
- SCULPTURE

**BA** (Bachelor of Arts)
ECONOMICS | ENGLISH LITERATURE | GEOGRAPHY
HINDI LITERATURE | HISTORY | POLITICAL SCIENCE
PSYCHOLOGY | PUBLIC ADMINISTRATION
SOCIOLOGY | STATISTICS

B.Com (Pass) | B.Com (Hons.-ABST) | M.Com (ABST) | M.Com (HRM)
BCA | BBA | M.Com (EAFM)

## PROUDLY ANNOUNCES
## MBA & MCA Programmes*

### SCHOLARSHIP CATEGORIES
- Meritorious Students
- Sports Players
- Jain Community Students
- MPS & SMDJ School Students
- Soldier's Children
- Martyr's Children
- Girl Students

Hostel facility Available for Jain Students

### SKILL DEVELOPMENT COURSES
- Tally ERP
- US CMA
- Web Designing
- BSE Certification
- App Development
- Digital Marketing
- Graphic Designing
- Advance Excel Program

MAHAVEER CIVIL SERVICES ACADEMY (MCSA)
A UNIT FOR IAS/RAS/OTHER COMPETITIVE EXAMS





### Why SMC ?
- Qualified and Experienced Faculty
- Latest Teaching Pedagogy
- Enriched Library
- Technology upgraded Computer Labs
- Air-conditioned Class Rooms
- CCTV Surveillance 24x7
- Audio-Visual Room
- Contemporary Auditorium
- Excellent Placement Opportunities
- Phenomenal Sports Facilities
- Modern Gymnasium
- Cafeteria with Lush Green Garden



*Subject to Affiliation from AICTE & RTU, Kota

The admission form can be obtained from the College office/download from the website
Decision of Management will be final for sanctioning the scholarship

For more details contact: 0141-2372139, 8955840261
Website: www.shrimahaveercollege.org | E-mail: shrimahaveercollege@gmail.com

# आईपीएस आगम जैन बने छतरपुर पुलिस अधीक्षक

रत्नेश जैन रागी बकस्वाहा. शाबाश इंडिया



छतरपुर। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के पूर्व प्रशा सनिक अधिकारियों के तबादले किए जा रहे हैं, जिससे लोकसभा चुनाव को और भी निष्पक्ष, पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जा सके। जिस क्रम में शुक्रवार को मध्य प्रदेश शासन गृह विभाग वल्लभ भवन भोपाल के आदेश क्रमांक एफ 1/1/4/0001/2024/बी-2/दो के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी किया गया। जिसमें 2009 बैच के आईपीएस श्री अमित सांघी (वर्तमान पुलिस अधीक्षक छतरपुर) का तबादला करते हुए उन्हें उप पुलिस महानिरीक्षक एसएएफ मुख्यालय भोपाल भेजा गया है, वहीं सेनानी 25वीं वाहिनी विसबल भोपाल से 2016 बैच के आईपीएस श्री आगम जैन को छतरपुर जिला पुलिस अधीक्षक की कमान सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि श्री आगम जैन एक चर्चित लेखक भी हैं, जिनकी बहुचर्चित एवं ज्यादा पसंद की जाने वाली किताब ''कभी गांव, कभी कॉलेज'' हिंदी युग्म द्वारा प्रकाशित की गई थी। इसके साथ ही आईपीएस श्री जैन ने जनजातीय मुद्दों सहित अन्य सामाजिक क्षेत्र के लेखन कार्यों में सराहनीय भूमिका अदा की है।

# सगुन को देख कर आप घोषणा कर सकते हैं कि आगे मंगल ही मंगल होगा: मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज

## छतरपुर नगर में मुनि पुंगव की भव्य आगवानी। आप प्रयास करें तो कुछ समय छतरपुर वासियों को मिल सकता हैं: विजय धुर्रा



**छतरपुर।** आप मन्दिर गये मुझे प्रभु के दर्शन मिल जाए और प्रभु के दर्शन मिल गये वस सगुन हो गया श्री कृष्ण से अर्जुन युद्ध के मध्य में प्रश्न कर देते हैं कि इस युद्ध में जीतने की गारंटी क्या है तातश्री जैसे योद्धाओं से जीत पाऊंगा द्रोण चार्य कृपा चार्य से जीत पाऊंगा पूज्य गुरुदेव संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज इस प्रसंग को बहुत अच्छी तरह से समझते हैं जव आप इधर-उधर देखने लगते हैं जंगल में भटक जाओ तो अंदर की आवाज आने लगती है मधुसूदन कहते हैं अर्जुन इधर-उधर क्या देख रहे हैं। कभी मन में हतास हो जाये तो एक मोटी वेसन देता हूं इधर उधर देखने से तुम्हारे मन में रास्ता निकल आता है तुम्हारे लिए मालूम है कि यात्रा सफल नहीं होंगी थोड़ा नगर पालिका की सीमा के वाहर तक जा कर देखना आज जहां हम है वहां सर्वग नहीं है तो जरा निकालो बाहर और सगुन मिल जाए तो पंचर गाड़ी में बैठ जायें तो भी मंजिल पर पहुंच जाओगे उक्त आश्य केउद्गार मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए। **अंचल के भक्तों ने पलक पांवड़े बिछाकर की भक्ति:** मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि कानपुर से विहार करते हुए निर्यापक श्रमण मुनि पुगंव श्रीसुधासागरजी महाराज एवं क्षुल्लक श्री गंभीर सागर जी महाराज ससंघ का आज छतरपुर जिला मुख्यालय पर भव्य प्रवेश हुआ जहां नगर वासियों ने मुनि संघ का पलक पांवड़े बिछाकर भव्य स्वागत किया मुनि संघ को भव्य शोभायात्रा के रूप में नगर में प्रवेश कराया जहां स्थान स्थान पर भक्तों ने गुरु देव की आरती उतारी पाद प्रक्षालन कर रंगोलियां सजा कर अपनी आत्मीयता के साथ अगवानी की इस दौरान पूरे अंचल से भक्तो का जमावड़ा छतरपुर की धरती पर रहा।

# उड़ान फाउंडेशन के मार्गदर्शन में ईंट भट्ठा पर बच्चों को दिया गया पोषण आहार



**अम्बाह. शाबाश इंडिया।** समाज सेवा के लिए संकल्पित उड़ान फाउंडेशन द्वारा नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को मुरैना रोड पर स्थित एक ईट भट्ठा पर जाकर मजदूरों के बच्चों को पोषण आहार एवं कपड़े वितरित किए गए फाउंडेशन के नेतृत्व में श्रीमती अर्चना जैन एवं पिन्टू जैन द्वारा जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी का सामान व पोषण आहार वितरित करवाया गया। इस दौरान श्रीमती अर्चना जैन ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा के संकल्प के साथ-साथ हमारा यह आयोजन आने वाली पीढ़ी में भी सेवा भाव उत्पन्न करेगा एवं किसी मे भी छोटे बड़े का भेदभाव ना होगा और सभी अपनी अपनी जिम्मेदारियां समझकर जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा हेतु मदद करेगे। इस दौरान उड़ान फाउंडेशन के सदस्यों ने बच्चों के परिजनों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी और बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर भी समझाइश दी।

# अब मिलेगा सरस ब्राण्ड का ऊंटनी का दूध

**भीलवाड़ा. कासं।** पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरुवार को राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन के सरस ब्राण्ड का ऊंटनी का दूध लॉन्च किया है। शुरूआत में यह बीकानेर में सरस डेयरी बूथों पर उपलब्ध होगा और इसके सफल विपणन के बाद इसे पूरे राज्य में पहुँचाया जायेगा। गोपालन मंत्री कुमावत ने कहा कि राजस्थान सरकार ऊंट पालकों की पारम्परिक आजीविका को बढ़ाने और ऊंट आबादी के संरक्षण के लिये प्रतिबद्ध है। इससे एक ओर जहा आम उपभोक्ताओं को विभिन्न बीमारियों से लड़ने में सक्षम और स्वास्थवर्धक ऊंटनी का दूध उपलब्ध होगा वहीं दूसरी ओर ऊंट पालकों को भी आर्थिक स्वावलम्बन मिलेगा। उन्होंने राजस्थान में पहली सरस मोबाईल दुग्ध जांच प्रयोगशाला का भी हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया। उन्होंने डेयरी में संकलित किये जाने वाले दूध की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये मोबाईल जांच प्रयोगशाला के शुभारम्भ के अवसर पर कहा कि सम्पूर्ण राज्य में सहकारी डेयरियों को सरस ब्राण्ड के दूध की उच्च गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जाना चाहिये। मोबाईल दुग्ध जांच प्रयोगशाला में अत्याधुनिक एफटीआईआर तकनीकी आधारित एफटीए मशीन (नीदरलैण्ड) को स्थापित किया गया है। जिससे दूध में 22 तरह की अलग-अलग मिलावट की जांच की जा सकती है। कैमल मिल्क और मोबाईल दुग्ध जांच प्रयोगशाला की लॉन्चिंग के अवसर पर डेयरी फैडरेशन की प्रशासक और प्रबन्ध संचालक सुषमा अरोड़ा ने अपने स्वागत सम्बोधन में कैमल मिल्क से आम उपभोक्ताओं को होने वाले स्वास्थ लाभों को विस्तार से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्दी राज्य के अन्य शहरों में भी कैमल मिल्क उपलब्ध कराया जायेगा। उरमूल सीमान्त समिति बीकानेर की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ओझा ने ऊंटनी के दूध की बिकी के लिये त्रिपक्षीय समझोता करने के लिये आरसीडीएफ का आभार व्यक्त किया। जिला दुग्ध संघों के प्रबन्ध संचालक और पशु आहार संयंत्रों के प्रभारियों सहित आरसीडीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक भी ली। भीलवाड़ा डेयरी एमडी बिमल कुमार पाठक ने बताया कि आरसीडीएफ ने गुरूवार को डेयरी मंत्री के साथ ही विभाग के अधिकारियों ने राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन के सरस ब्राण्ड का ऊंटनी का दूध लॉन्च किया था।

# कॉमर्शियल किचन इक्विपमेंट निर्माता रिषभ मेटल्स की दूसरी शाखा का उद्घाटन आज




**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

कॉमर्शियल किचन इक्विपमेंट में 30 वर्षों का अनुभव रखते हुए देश की प्रतिष्ठित होटल, कॉरपोरेट ऑफिस, विभिन्न कम्पनियों, होटल ताज ग्रुप, होटल रेडिसन, मेहरानगढ़ फोर्ट जोधपुर सहित अनेक स्थान पर सफलता पूर्वक कॉमर्शियल किचन इक्विपमेंट इन्स्टॉल कर चुके मूलतः जोधपुर की कंपनी रिषभ मेटल्स की उदयपुर शाखा के दुर्गानर्सरी रोड़ स्थित ऑफिस का शनिवार दोपहर 12 बजे लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ शुभारम्भ करेंगे। रिषभ मेटल्स के निदेशक रोहित जैन ने शुक्रवार आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि उदयपुर में मिडल बाय सेलफ्रोस्ट संग मिलकर बड़ी होटल, कॉरपोरेट ऑफिस व अन्य बड़ी कम्पनियों में खाना बनाने में काम आने वाले बड़े इलेक्ट्रिक तन्दूर, तन्दुरी ऑवन्स सहित अन्य उत्पादों सफलतापूर्वक इन्स्टॉल किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि ऋषभ मेटल्स सिस्टम कार्यान्वयन, तकनीकी प्रगति, परिचालन एकीकरण, प्रदूषण की रोकथाम और खतरों के रखरखाव में निरंतर सुधार के साथ दक्ष कर्मचारियों को शामिल करके सुरक्षित, स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण में विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाले स्टेनलेस स्टील 304 वाणिज्यिक रसोई उपकरण और डिस्प्ले कैबिनेट प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। रोहित जैन के बड़े पुत्र स्पर्श जैन ने बताया कि निर्मित उत्पादों की बेहतर उत्पादकता और गुणवत्ता के लिए ऋषभ मेटल्स की कारीगरी पूरी तरह से उन्नत उपकरणों और मशीनरी से सुसज्जित है। इसके अलावा ऋषभ मेटल्स में प्रत्येक घटक की उत्पादन के प्रत्येक चरण में जांच की जाती है और उत्पादों को भारत और विदेशों में उनके संबंधित गंतव्यों तक पहुंचाते समय अधिकतम देखभाल की जाती है। एक बार जब उपकरण अंतिम रूप ले लेता है, तो हमारे गुणवत्ता विशेषज्ञ हमारे ग्राहकों को उत्तम उत्पाद प्रदान करने के लिए मानकीकृत गुणवत्ता अलर्ट के साथ उनकी दोबारा जाँच करते हैं। छोटे पुत्र रिषभ जैन ने बताया कि उनके पिता ने वर्ष 1994 में ऋषभ मेटल्स की स्थापना कर छोटी शुरूआत के बावजूद, सपनों और कार्यों ने उन्हें नेतृत्व की स्थिति में आगे बढ़ने में सक्षम बनाया। आज ऋषभ ब्रांड की भारत के प्रदर्शन और पाक उपकरण उद्योगों में सबसे बड़ी बाजार हिस्सेदारी है, और इसका सामान आईएसओ 9001:2015 मानकों और सीई प्रमाणित मानकों के अनुसार बनाया जाता है। जोधपुर में एक विशाल क्षेत्र को कवर करते हुए अत्याधुनिक तकनीक और समकालीन मशीनों वाला एक अत्याधुनिक विनिर्माण संयंत्र खोला गया है। कुशल और अनुभवी कर्मचारी विनिर्माण प्रक्रिया के हर हिस्से को संभालते हैं और निगरानी करते हैं। ये सभी तथ्य मिलकर ऋषभ को 3200 से अधिक उपभोक्ताओं की विविध मांगों को संतोषजनक ढंग से पूरा करने में सक्षम बनाते हैं। इस अवसर पर सेलफ्रोस्ट कंपनी के जगबीरसिंह चौधरी ने बताया कि वर्षों के अनुभव और इच्छाशक्ति के माध्यम से, हमने खाद्य संरक्षण पद्धति और भोजन प्रस्तुति की कला को ऊजार्वान रूप से बौना बना दिया है। इसके अलावा कंपनी अपने सावधानीपूर्वक तैयार किए गए रसोई उपकरणों के साथ आपके बैकएंड संचालन पर काबू पाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें बर्नर स्टोव, डबल बॉयलर, डिश कार्ट, मसाला कार्ट, सिंक यूनिट, स्टोरेज शेल्फ, वर्क टेबल, मिठाई और बेकरी डिस्प्ले काउंटर, सलाद काउंटर शामिल हैं।

**रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**

# राज्यपाल मिश्र ने डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय के प्रथम चरण के निर्माण कार्यों और मुख्य द्वार का ऑनलाइन लोकार्पण किया

## विद्यार्थी विधि शिक्षा का उपयोग वंचित वर्ग और महिला अधिकारों के लिए करें : राज्यपाल

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राज्यपाल कलराज मिश्र ने शुक्रवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय के प्रथम चरण के अंतर्गत विश्वविद्यालय में निर्मित 2 एकेडमिक भवन, एक प्रशासनिक भवन, छात्र–छात्राओं के हॉस्टल, नॉन टिचिंग स्टाफ क्वाटर, इन्टरनल रोड और मुख्य द्वार का लोकार्पण किया। दहमीकलां, जयपुर स्थित विश्वविद्यालय के स्थाई परिसर में निर्मित इन निर्माण कार्यों का उन्होंने राजभवन से ऑनलाइन लोकार्पण किया। राज्यपाल मिश्र ने इस अवसर पर कहा कि संविधान सर्वोच्च है, उसमें निहित अधिकारों और कर्तव्यों के संतुलन से जोड़कर विधिक शिक्षा का प्रसार हो। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा कानून के साथ समाजशास्त्र,



राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, दर्शन, साहित्य और कलाओं आदि विषयों की शिक्षा भी विद्यार्थियों को मिले, इसके प्रयास हों। इसी से वे अच्छे कानूनवेता, न्यायाधीश और अधिवक्ता के रूप में भविष्य में अपनी पहचान बना पाएंगे। उन्होंने विधि विश्वविद्यालय द्वारा कानून की सैद्धान्तिक ही नहीं बल्कि व्यावहारिक शिक्षा पद्धति पर कार्य किए जाने पर जोर दिया। विशेष रूप से उन्होंने भारतीय संविधान के संदर्भ में समानता, संप्रुभता और अखण्डता की सोच से जुड़ी कानूनी शिक्षा के प्रसार का आह्वान किया। राज्यपाल ने देश में राष्ट्रपति द्वारा मंजूर तीन नए कानून न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम की चर्चा करते हुए कहा कि इनमें सजा देने के बजाय न्याय देने पर अधिक ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि इनके बारे में भी विद्यार्थी निरंतर अपडेट रहे, इसके लिए विश्वविद्यालय पाट्यक्रमों में नवाचार करे। राज्यपाल ने कहा कि विधि शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी वंचितों और महिलाओं के अधिकारों के लिए अपनी शिक्षा का अधिकाधिक उपयोग करें।